50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 6.3 °c
अधिकतम 22.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


सूर्योदय : 7:06, सूर्यास्त : 5:22 | वर्ष : 50/ अंक : 344 | बृहस्पतिवार, 15 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

जिंदगी में टेंशन ही टेंशन है,
फिर भी इन लबों पर मुस्कान है,
क्योंकि जीना जब हर हाल में है, तो
मुस्कुराकर जीने में क्या नुकसान है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे समर्थन से भाजपा परेशान : सचिन पायलट



भाजपा को इस यात्रा से कितनी सीटों का नुकसान हो सकता है?.....

# चुनावी पहलवानों के कस ढीले, हौसले बुलंद

▶ तारीखों का ऐलान बीस तक टलने के बाद असमंजस कायम ▶ इसके बावजूद तैयारियों में ढील नहीं देना चाहते टिकट के दावेदार ▶ राजनीतिक दलों में भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन में मारामारी

**मुजफ्फरनगर,14 दिसंबर (बु.)।** नगर निकाय चुनाव के लिए लंगोट कसे बैठे पहलवानों के कस चुनावों की घोषणा से पहले ही ढीले होने लगे हैं। हाईकोर्ट में आरक्षण को लेकर डाली गई याचिका में अब बीस दिसंबर तक चुनावों की अधिसूचना पर रोक के साथ चुनावों की तारीख को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। ऐसे में जिले से लेकर लखनऊ तक टिकट के लिए दौड़ लगा रहे दावेदारों के साथ चुनाव के लिए इच्छुक दावेदारों के बायोडाटा एकत्र करने में जुटे राजनीतिक दलों के लिए भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। जिले में यूं तो तमाम राजनीतिक दलों में टिकटों के दावेदार हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हलचल भाजपा, समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन, बसपा और कांग्रेस में है।

विगत काफी समय से नगर निकाय चुनावों की हलचल के बीच शहर और खतौली समेत जिले की दो नगर पालिकाओं तथा आठ नगर पंचायतों में अध्यक्ष और सभासद पदों के लिए सैंकड़ों की तादाद में पहलवान अखाड़े में उतर चुके हैं। जिन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ना है, उनकी बात तो अलग है, लेकिन जो पार्टी टिकट के भरोसे पर निकाय राजनीति में किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें पार्टी के कर्ताधर्ताओं की कृपा की इंतजार है। इसके लिए भाजपा, सपा, रालोद में बायोडाटा एकत्र करने का काम तेजी से जारी है। इस मामले में भाजपा अन्य दलों से थोड़ा आगे है, लेकिन इस बार सपा-रालोद गठबंधन में भी टिकट के लिए खासी मारामारी देखने को मिल रही है। इसके बाद नंबर आता है बसपा का। इसके सहारे दलित वोटों की उम्मीद में काफी दावेदार हैं। ऐसे में कांग्रेस और दूसरे दलों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन जिस तरह कांग्रेस टिकट पर शहर सीट से पहले पंकज अग्रवाल और इसके बाद अंजू अग्रवाल ने भाजपा को पटखनी दी थी, उसे देखते हुए तमाम ऐसे चेहरे हैं जिन्हें लग रहा है कि अगर उन्हें किसी अन्य पार्टी से टिकट नहीं मिला तो कांग्रेस के नाम पर उन्हें कुछ हासिल हो सकता है। जहां तक भाजपा की बात है तो इसमें शहर समेत सभी निकायों में टिकटों को लेकर भारी मारामारी है। इसके तमाम नेताओं में कई माह से निकाय चुनावों की तैयारी के बीच संगठन में खुद को सक्रिय दिखाने और पदाधिकारियों की गणेश परिक्रमा करने की होड़ लगी है। कई नेता तो अनेक बार लखनऊ की जियारत कर चुके हैं। यह जानते हुए भी कि जातीय समीकरणों और जिताऊ आधार पर ही पार्टी टिकट तय करेगी और चेयरमैनी के लिए टिकट भी एक ही व्यक्ति को मिलना है, कोई उम्मीद का साथ छोड़ने को तैयार नहीं है। अब बीस दिसंबर तक चुनाव की तारीखों के ऐलान पर रोक लगने और इसके बाद भी असमंजस की स्थिति के बावजूद यह तो तय है कि देर सवेर ही सही चुनाव तो होने ही हैं। ऐसे में कोई उम्मीदवार अपनी अभी तक की मेहनत को बेकार जाया नहीं होने देना चाहता। ऐसे में उनके हौसलों पर इस अदालती लड़ाई ने असर तो जरूर डाला है, लेकिन इसके बावजूद वे गणेश परिक्रमा की अपनी तैयारियों में कोई कमी नहीं होने देना चाहते। क्षेत्रीय से लेकर प्रदेश और केंद्रीय संगठन तक और संघ में जहां भी उन्हें उम्मीद की किरण नजर आ रही है, वे पूरी तन्मयता से अपनी दावेदारी ठोंकने की गति को ढीला नहीं होने देना चाहते। इससे लग रहा है कि दिसंबर में मौसम में ठंड भले बढ़े,लेकिन चुनावी गर्माहट में कमी होने की उम्मीद नहीं है।

**शोक संदेश**

मंगलम् भगवान वीरो मंगलम् गौतमो गणी!
मंगलम् कुन्दकुन्दाद्यो जैन धर्मोस्तु मंगलम्!!



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती प्रेमलता जैन** (धर्मपत्नी स्व. श्री श्रीचंद जैन, मंसूरपुर वाले) का **स्वर्गवास दिनांक 09 दिसम्बर 2022, दिन शुक्रवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी **रस्म पगड़ी आज दिनांक 15 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को दोपहर 2:00 बजे, स्थान : श्री आदर्श रामलीला भवन, पटेल नगर, मुजफ्फरनगर** में होनी निश्चित हुई है।

**—शोकाकुल परिवार—**

अमरचंद–प्रतिभा जैन (पुत्र–पुत्रवधु), हंस कुमार जैन (पुत्र)
ममता जैन, रमन जैन (पुत्री), वर्धमान जैन, निर्मल जैन, विशाल जैन (धेवते)
आंचल–राहुल, कोकिला–सचिन, प्रेक्षी–पवन, तृप्ति–वरूण (पौत्री–दामाद)
श्रावगी जैन (पौत्री), आरूष जैन (पौत्र)

**-: निज निवास :-**

श्री प्रेम कुंज, 208, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 9837286602, 9045918064, 0131–2608501

## कर्मचारियों का वेतन भुगतान क्यों नहीं हुआ

▶ पालिका चेयरमैन ने लिखा विभाग अध्यक्षों को पत्र

**मुजफ्फरनगर, 14 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका परिषद् की चेयरमैन को कोर्ट से मिली राहत के बावजूद उनके अधिकार और कार्यकाल को लेकर भले ही स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई हो, लेकिन पालिका कर्मचारियों, अधिकारियों को लेकर उनकी चिंता नए कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। पालिका के विकास को लेकर बुलाई गई बोर्ड बैठक को कराने में असफल रही। पालिका चेयरमैन ने अब पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ आउटसोर्सिंग से रखे कर्मचारियों के वेतन को लेकर समस्त विभाग अध्यक्षों को पत्र लिखकर पत्रावली यों को प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के विभागाध्यक्ष को भेजे पत्र में सेवानिवृत्त हुए पालिका कर्मचारियों के उपार्जित अवकाश एवं ग्रेजुएटी आदि के बकाया राशि के भुगतान किये जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने यह पहल नवंबर माह के नगर पालिका में कर्मचारियों का वेतन रुक जाने की जानकारी मिलने के बाद की है। चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने पालिका के कर्मचारियों की वस्तु स्थिति का हवाला देते हुए आगामी माह का भुगतान 7 तारीख तक किये जाने की व्यवस्था की बात की है। पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने बुधवार को नगर पालिका परिषद के समस्त विभाग अध्यक्षों को पत्र जारी करते हुए उनके विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का वेतन भुगतान कराने को पत्रावली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए पालिका चेयरमैन की ओर से बुधवार को जारी आदेश में पालिका के तमाम विभागों के साथ रिकार्ड विभाग के कर्मचारियों के नवंबर माह के वेतन भुगतान की पत्रावली स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं, वहीं जून माह के बाद सेवानिवृत्त हुए पालिका कर्मचारियों की उपार्जित अवकाश एवं ग्रेच्युटी आदि की बकाया धनराशि के भुगतान की कार्यवाही तत्काल के जाने के निर्देश जारी किए हैं।

## ये '62' का भारत नहीं है, आज भी 'लट्ठ' से खदेड़ देते हैं चीन को

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (वार्ता)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद अब स्थिति सामान्य बताई जा रही है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लाठियों से ठोंककर चीनियों को दौड़ाते नजर आ रहे हैं। हालांकि एलएसी के विवादित हिस्से के निकट चीन के लड़ाकू जहाज उड़ते हुए देखे जा रहे हैं। सेना ने तवांग सेक्टर में 'ड्रैगन' को माकूल जवाब दिया है, तो दूसरी ओर वायु सेना भी अलर्ट है। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है, ये '62' का भारत नहीं है, वैसे तो हमारे बहादुर जवान 2022 में भी 'लट्ठ' से चीन को खदेड़ देते हैं। चीन कई मोर्चों पर घिर चुका है। अपने लोगों का ध्यान डायवर्ट करने के लिए वह 'एलएसी' के किसी न किसी हिस्से पर विवाद खड़ा करता रहता है। भारत के पास जब से 'एस-400' व 'राफेल' आए हैं, तभी से ड्रैगन 'टेंशन' में आ गया है। रक्षा विशेषज्ञ प्रफुल्ल बख्शी के मुताबिक, चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा। खासतौर से 2020 के बाद एलएसी पर तनाव बढ़ता जा रहा है। कई बार ऐसी खबरें भी मिलती हैं कि चीन, एलएसी के करीब सामरिक महत्व वाले स्थानों पर तेजी से निर्माण कार्य बढ़ा रहा है। अगर भारत को इस तरह की टकराहट से छुटकारा पाना है, तो उसे सबसे पहला काम, मौजूदा पेट्रोलिंग पॉइंट्स को स्थायी नियंत्रण रेखा बनाना होगा। इसके लिए भारत को कुछ मामलों में कदम आगे बढ़ाना पड़ेगा। आज भारत के पास एक मजबूत थल, जल और वायु सेना है। कुछ मोर्चों पर हमें अपने संसाधनों को तकनीकी तौर पर उन्नत बनाना होगा। सैन्य विशेषज्ञ जीडी बख्शी कहते हैं, चीन कहां मानने वाला है। वह तो अतीत से ही विस्तारवादी नीति पर चल रहा है। जब भी उस देश में कोई आंतरिक संकट आता है, तो राजनीतिक नेतृत्व, एलएसी पर अपना फोकस कर लेता है। मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व भी कुछ वैसा ही कर रहा है। कोविड संक्रमण को लेकर आज भी वह देश भंवर में फंसा है। ताइवान पर किरकिरी हो चुकी है।

## बदल गया आरक्षण तो अखाड़े के बाहर चित्त हो जाएंगे चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 14 दिसंबर (बु.)।** दावेदारों का संकट केवल चुनावों की तारीख टलने तक को लेकर नहीं है, उनकी समस्या इस बात से भी बढ़ रही है कि यदि आरक्षण की व्यवस्था फिर से निर्धारण के आदेश दिए जाते हैं और उनकी सीट पर आरक्षण की व्यवस्था बदलती है तो उनका क्या हाल होगा। चेयरमैन और सभासद पद के लिए तमाम राजनीतिक दलों और निर्दलीय दावेदार काफी समय





से आरक्षण के निर्धारण का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में शासन द्वारा गत सप्ताह आरक्षण की अनंतिम व्यवस्था जारी किए जाने के बाद अनेक ऐसे लोगों को झटका लगा था जिनकी सीटें आरक्षण का शिकार हो गई थीं। इसके अलावा तमाम दूसरे दावेदारों ने घोषित आरक्षण के आधार पर अपनी ताल ठोंकनी शुरू कर दी थी। अब धर्म संकट इस बात को लेकर है कि यदि ओबीसी आरक्षण निर्धारण को लेकर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के बाद अदालत नए सिरे से आरक्षण निर्धारण के आदेश देती है तो उनकी तमाम मेहनत पर पानी फिर जाएगा। इसके अलावा मौजूदा आरक्षण व्यवस्था में ढंगे से देख रहे दावेदारों की किस्मत की कुंजी खुल सकती है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक दलों को भी नए सिरे से प्रत्याशी चयन की कवायद शुरू करनी पड़ेगी। अब सबकी उत्सुकता इस बात पर है कि हाईकोर्ट आरक्षण को लेकर मौजूदा व्यवस्था को जारी रखता है या फिर इसमें बड़े बदलाव के रास्ते खोलता है।

## अभी तो बीस तक आदेश टले, आगे देखो किसकी चले

▶ निकाय चुनावों को लेकर हाईकोर्ट में रस्साकशी जारी

**लखनऊ,14 दिसंबर (वार्ता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा प्रदेश के नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर 12 दिसम्बर को लगाई गई रोक 20 दिसंबर तक तक जारी रखने का आदेश दिया है। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए, दाखिल जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाबी हलफनामा देने के लिए तीन दिन का समय दिए जाने की मांग की जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। इससे पहले कोर्ट ने मामले में सरकार से पूरी जानकारी मांगी थी। सरकार की तरफ से मंगलवार को कोर्ट से जवाब पेश करने के लिए एक दिन का वक्त मांगा गया था। इस पर न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की खंडपीठ ने समय देते हुए अगली सुनवाई बुधवार को नियत की थी। मामले में याची का यह भी कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। जबकि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि 5 दिसंबर की अधिसूचना महज एक ड्राफ्ट आदेश है। इस पर सरकार ने आपत्तियां मांगी हैं। व्यथित अपनी आपत्तियां दाखिल कर सकता है। इस तरह अभी यह याचिका समय पूर्व दाखिल की गई है। प्रदेश सरकार ने नगर निकायों में महापौर व अध्यक्षों का कार्यकाल खत्म होने की स्थिति में प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक जैसे-जैसे नगर निकायों में कार्यकाल खत्म होगा, उसी क्रम में प्रशासकीय व्यवस्था लागू होती जाएगी। यानी नगर निगमों में नगर आयुक्त और पालिका परिषद व नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों के पास सारा अधिकार चला जाएगा। निकायों के बोर्ड का कार्यकाल पांच साल के लिए निर्धारित होता है। 2017 में हुए निकाय चुनाव का परिणाम आने के बाद बोर्ड का गठन 12 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच हुआ था। इस लिहाज से महापौर व अध्यक्षों का कार्यकाल इसी बार उस तिथि को समाप्त होगा जिस दिन बोर्ड की पहली बैठक हुई थी।




## नार्को टेस्ट से खोल सकती है कैराना पुलिस हत्या का राज

▶ 21 अक्टूबर को हुई थी 55 वर्षीय चौकीदार फैय्याज की हत्या
▶ जनपद शामली में प्रथम बार होगा हत्या के मामले में नार्को टेस्ट

**कैराना, 14 दिसंबर (बु.)।** करीब दो माह पहले आर्यपुरी ईंट भट्टे पर 55 वर्षीय चैकीदार फैय्याज का खून से लथपथ शव मिला था। हत्या के मामले में पुलिस अब तीन लोगों का नार्को टेस्ट करा सकती है। 21 अक्टूबर की सुबह आयुर्पुरी देहात में स्थित प्रेमसिंह रोड के ईट भट्टे पर 55 वर्षीय चैकीदार फैय्याज का खून से लथपथ शव मिला था। फैय्याज के सिर में गोली मारी गई थी। पुलिस को मौके से शराब की बोतल, दो डिस्पोजल ग्लास, पानी की खाली बोतल व नमकीन का खाली रेपर भी मिला था। मौके पर डाग स्क्वायड को भी बुलाया गया था। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रो की सीसीटीवी फुटेज के लिए कई डीवीआर कब्जे में ली थी, लेकिन कोई सफलता नही मिली थी। मृतक के बेटे इरशाद की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। वही पिछले कुछ दिनों से पुलिस तीन संदिग्ध लोगों से कई बार पूछताछ भी कर चुकी है, लेकिन कोई सबूत हाथ नही लग सका, जिसके चलते हत्याकांड के खुलासे में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस तीनो संदिग्धों का नार्को टेस्ट करा सकती है। इसके लिए पुलिस ने तीनो को नोटिस जारी कर दिए हैं। अगर नोटिस के जवाब में तीनो नार्को टेस्ट के लिए अपनी सहमति देते हैं तो उसके बाद पुलिस तीनों के कोर्ट में बयान कराने के बाद नार्को टेस्ट करा लेगी योगी सरकार में पुलिस अपनी कार्यवाही पूरी सख्ती से निपटने को तैयार है, लेकिन सूत्रों की माने तो पुलिस फैजान हत्या में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है, पर कोई भी खुलासा नहीं हुआ। अब पुलिस नारकोटेस्ट का सहारा ले सकती है। दरअसल बहुत ही सेंसीटिव मामलों में पुलिस इस तरह की कार्यवाही करती है। तो वही कैराना पुलिस अब कोर्ट का आदेश प्राप्त होने पर नारकोटेस्ट का सहारा लेकर हत्या का खुलासा कर सकती है।

|| राम || || राम || || राम ||

**अंतिम यात्रा**



**स्व. श्रीमती शशीबाला गर्ग जी**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी **श्रीमती शशीबाला गर्ग जी** (पत्नी स्व. श्री प्रबोध कुमार अग्रवाल) का **स्वर्गवास दिनांक 14 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक : 15 दिसम्बर 2022, दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे हमारे निवास स्थान : 655, पटेलनगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर से नई मण्डी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।**

**—शोकाकुल—**

अनिल कुमार गर्ग, सी.ए. अजय कुमार अग्रवाल (पुत्र)
प्रवीण कुच्छल (भट्टे वाले), मनोज अग्रवाल (दामाद)

● अग्रवाल अजय एण्ड एसो. चार्टर्ड एकाउंटेंट
मोबाइल : 9837034955

## ठंडी हवाओं ने ठिठुराया





**मुजफ्फरनगर, 14 दिसंबर (बु.)।** सुबह से चल रही तेज हवाओं ने आज धूप की तपन को धीमा किया तो नगर में तापमान एकदम चार डिग्री गिरकर अधिकतम 22.8 और न्यूनतम तामपान 2.5 डिग्री गिरकर 6.3 डिग्री पर आ गया। आज दिन में चली 13 से 23 किमी प्रतिघंटा की गति की हवाओं ने जमकर ठंड का अहसास कराया तो शाम भी हवाओं के साथ ठिठुरती महसूस हुई। आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ने की आशा है, हालांकि अभी बारिश के आसार नहीं हैं। कोहरा भी अभी बहुत प्रभावी होने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग की मानें तो पहाड़ों और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में किसी तरह के पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई नहीं दे रहा है। कोहरा भी नहीं पड़ रहा है। धूप तेज है और आसमान में बादल नही हैं। इस कारण से सूरज की गर्मी सीधे जमीन पर आ रही है। अक्तूबर के मध्य से बारिश नहीं हुई है। इस कारण से नमी का भी अभाव है। इस कारण मौसम शुष्क बना हुआ है। विभाग के अनुसार, अभी मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन एक से दो दिन में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होगी।



